तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जनवरी 2024

11 अयोध्या से आए अक्षत को नगर में स्वयंसेवकों...



12 वनपाल मन्नसिंह के सेवानिवृत्त होने पर...





## खबर संक्षेप



### ग्राम मोंहदा में मड़ई -मेला 6 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलोमीटर दुर ग्राम मोंहदा में मडई मेला का आयोजन किया गया है इस दौरान क्षेत्रभर से पहुंचे देवी - देवताओं की पुजा अर्चना कर क्षेत्र में सुख शांति और समृध्दि की कामना किया जायेगा। 06 जनवरी दिन शनिवार को मोंहदा में मडई मेला के साथ रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम मयारू गंगा का आयोजन किया गया है, इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम अध्यक्षता सरपंच मोंहदा महेन्द्र सिंह नागेश, वि"ोश अतिथि जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम, चंदा बारले, रामसिंह नेतामकी उपस्थिति में मडई मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा जोरदार तैयारी किया जा रहा है।

### शिक्षिका इंदुमती का आज विदाई समारोह

**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्राथमिक शाला हरदी के पदोन्नत शिक्षिका श्रीमती इंदुमती राजपूत के विदाई समारोह का आयोजन आज दिन बुधवार को प्राथमिक शाला हरदी के प्रांगण में सुबह 11:00 बजे से आयोजित है। एवं समस्त ग्रामवासियों की ओर से भंडारा का व्यवस्था किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साला प्रबंधन एवं विकास समिति प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला हरदी तथा समस्त ग्रामवासी जन जुटे हुए हैं।



### श्रीरामचरित मानस 19 से

**मुड़ागांव (कोरासी)।** मुड़ागांव के समिप जनकल्याणार्थ एवं विश्वशांति हेतू श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का 17 वां वर्ष पावनधाम खोपलीपाठ अमलोर 16 गांव समिति द्वारा 19 से 23 जनवरी तक पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ कर्ता ब्रम्हालीन श्री श्री 108 संत श्री सियाभुनेश्वरी शरण व्यास जी महाराज के सुक्ष्म सानिध्य में कृपा पात्र शिष्य महामण्डलेश्वर संत श्री सिया गोवर्धन शरण व्यास महाराज एवं 16 गांव समिति अमलोर, मुड़ागांव, जामली, पाटशिवनी,नवापारा, भैरा, परसदाखुर्द, पीपरहट्ठा, देवगांव, बोड़राबंधा खुड़ियाडिही, नागिण कुड़ेमा बिरणीबाहरा, बिजेपाल झबलीबाहरा के द्वारा सम्पन्न होगा। यज्ञ का शुभारंभ शोभायात्रा के साथ किया जाएगा।

### ग्राम पंक्तियां में मड़ई -मेला 5 को

**मुड़ागांव(कोरासी)1** ग्राम पंक्तियां (खड़मा) में 5 जनवरी को मड़ई-मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से किया गया है। जिसमें खिलौने, मिठाई, झुला, मनिहारी सहित सभी प्रकार की दुकाने सजेंगी एवं रात्रि कालीन कार्यक्रम लोक महक खल्लारी (बागबाहरा) आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है। जिसकी तैयारी में ग्रामीण लगे हुए हैं।

### सेमरा-टीला में मड़ई मेला कल

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सेमरा-टीला में 4 जनवरी को गांव देवी देवताओं का पूजा के उपलक्ष्य में मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा गोपाल बलराम ग्राम निपानी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के डोमार निषाद ने दी है।

## विरोध : दूसरे दिन भी शहर सहित जिले में दिखा असर

# ड्राइवरों की हड़ताल से पेट्रोल पंप पर लगी लंबी कतार, तेल के लिए मचा हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बीते दो दिनों में पेट्रोल पंप पर अचानक भीड़ बढ़ गई हैं। केंद्र सरकार की नए कानून के विरोध में वाहन चालकों के आंदोलन के बाद पेट्रोल डीजल को लेकर हाय तौबा मची हुई है। समूचे जिले में पेट्रोल पंपों के ड्राय होने की खबरें आ रही हैं। जहां एक ओर ड्राइवरों का हड़ताल जारी है वही अब पेट्रोल डीज़ल को लेकर आम जनता के बीच काफ़ी परेशानीयों का समाना करना पड़ रहा है गरियाबंद ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के कारण डिपो से पेट्रोल-डीजल के टैंकर पेट्रोल पंप पर नहीं पहुंचने से यह स्थिति बनी। पेट्रोल-डीजल खत्म होने की अफवाह के चलते पंपों पर वाहन चालकों की लंबी लंबी लाइनें लग गईं। जिले में ड्राइवरों की हड़ताल की वजह से पेट्रोल पंप में सुबह से लेकर रात तक फ्यूल डलाने के लिए वाहनों की लंबी कतार लग गई। गाड़ियों में तेल डलवाने के लिए लोगों को एक से दो घंटे तक लाइन में लगना पड़ा, तब जाकर उन्हें तेल मिल सका। कई जगह पर लोग काफी आक्रोश में दिखे। लंबी लाइन देख पेट्रोल पंप संचालक सामने आये और कहा अफ़वाहो पर ध्यान ना दें पेट्रोल डीजल की आपूर्ति पहले की तरह हो रही है। इसलिए इसे लेकर इतना पैनिक न हों। आराम से डीजल और पेट्रोल डलवाएं। इसके बाद भी लोग गाड़ी का ▶▶|शेष पेज 10 पर





### प्रशासन ने ली ट्रक- बस एसोसिएशन की बैठक

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए आज प्रदेश के सभी कलेक्टर एवं एसपी की बैठक लेकर ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं के आपूर्ति में कोई कमी ना आए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस संबंध में कलेक्टर आकाश छिकारा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री डीसी पटेल ने आज शाम जिले के ट्रक, बस के वाहन चालक संघ, परिवहनकर्ता सहित राईस मिलर्स एशोसिएशन के सदस्यों की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में ली। उन्होंने मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों में संशोधन का विरोध कर हड़ताल कर रहे वाहन चालकों को लेकर पुलिस एवं जिला प्रशासन ने स्थानीय ट्रक-बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक में एक्ट के संबंध में सही जानकारी देते हुए ड्राईवरों को हड़ताल पर न जाने की समझाईश दी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने पदाधिकारियों से कहा कि ट्रक एवं बस मालिक अपने ड्रायवरों को सड़कों पर अनावश्यक व्यवधान एवं अनावश्यक रूप से ट्रक खड़ा करने से मना करें। उन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग में जाम न करने की हिदायत दें। कोई भी नागरिक कानून का उलंघ्घन न करे, किसी भी व्यक्ति या वाहन को सड़क में जाते हुए न रोके।





# काजू से भरा ट्रक पलटा, आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 12 किलोमीटर दुर नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग मैनपुर, देवभोग में काजू से भरा ट्रक के पलट जाने से काजू के डिब्बे सड़क के चारो तरफ बिखर गये। जिसकी जानकारी लगते ही सैकड़ों की भींड लग गई आने वाले राहगीरों ने छक्कर काजू खाने का मजा लिया। बहरहाल तब तक इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को मिली है, जाम सडक को सुरक्षित किया गया तथा दुसरे वाहन में काजू के डिब्बों को भरकर सुरक्षित रवाना किया गया। हांलाकि घटना स्थल पर अभी भी चार पांच क्विंटल काजू चारो तरफ चादर की तरह बिखरे पडे हुए है, यह घटना 31 दिसम्बर रविवार रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग में बाजाघाटी मोड के पास 30 दिसम्बर को मोड पर कपास से भरा एक ट्रक पलट गया था और यह ट्रक को वहां से हटाया भी नहीं गया था और ओडिसा से काजू भरकर आ रही एक ट्रक तेज गति इसी बाजाघाटी मोड़ पर कपास से भरी ▶▶|शेष पेज 10 पर



### क्रेन से हटाया गया ट्रक

नेशनल हाईवे बाजाघाटी में कपास और काजू से भरी ट्रक जो एक ही स्थान पर पलटा था उसे आज दोपहर को बड़े क्रेन के माध्यम से हटाया गया। इस दौरान सडक में जाम की स्थिति लग गई। वाहन चालक ने बताया कि वह काजू ओडिसा से रायपुर के तरफ ले जा रहे थे और इसमें लगभग 1 करोंड रूपये का काजू भरा था, इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने उन्हे काजू सुरक्षित रखने में अच्छा मदद् किया।



# हसदेव को लेकर उग्र आंदोलन 5 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

आदिवासी विकास परिषद मजरकट्टा प्रांगण में जिला स्तरीय आदिवासी विकास परिषद के तत्वाधान में बैठक संपन्न बैठक में प्रमुख रूप से गरियाबंद, मैंनपुर, फिंगेश्वर, देवभोग, छूरा के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला स्तरीय बैठक जिसमे हसदेव कोल ब्लॉक में खनन एवं आदिवासीयो के विस्थापन जीव जंतुओं का विनाश पर्यावरण का विनाश कोल खनन से छत्तीसगढ़ के प्राकृतिक असन्तुलन और अन्य समस्याओं को लेकर खिलाफ बैठक में आंदोलन को और तीव्र करने का संदेश दिए एवं पांचवी अनुसूचित क्षेत्र में पेसा कानून एवं ग्राम सभा के विपरीत प्रस्ताव पर कानूनी लड़ाई का निर्णय किया गया। एवं आगामी 5 जनवरी को पूरे जिला के वृहद बैठक जिसमें प्रदेश पदाधिकारी, सभी सामाजिक संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों, बुद्धजीवियों को सम्मिलित आंदोलन को वृहद करने का निर्णय किया गया। बैठक में विष्णु नेताम, प्रताप सिंह मरकाम ,रमेश कुमार, रामस्वरूप मरकाम, भूमिका नेताम, थांजुलता नेताम रामेश्वर ध्रुव ,रमेश सोम,खिलेश्वर मरई, तोरण मांडवी, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## कलेक्टर से साहू समाज के लोग मिले...



**राजिम।** 7 जनवरी राजिम माता जयंती की तैयारी को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा से साहू संघ के जिला अध्यक्ष नारायण साहू,कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू,जिला उपाध्यक्ष रिकेश साहू,केशव साहू,जिला उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू ने बुके भेंट कर नया साल की बधाई देते हुए 7 जनवरी के कार्यक्रम में शांति सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनुरोध किया।

# कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जनचौपाल में कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। जनचौपाल में 51 लोगों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर उन्होंने मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र आवेदकों के समस्याओं के निराकरण के संबंध मे आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनचौपाल में ग्राम सारागांव के मोतीराम देवांगन ने तटबंध निर्माण करने, ग्राम सरकड़ा के मुरलीराम निषाद ने आर्थिक सहायता प्रदान करने, ग्राम चिखली के मोहनलाल साहू ने धान पंजीयन कराने, ग्राम बोईरगांव के डुगेन्द्र कुमार ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम हरदीभाठा के ग्रामीणों ने कोटवार रखने, ग्राम कुकदा के मुरारी राम निषाद ने जमीन का पट्टा प्रदाय करने, ग्राम दर्रीपारा की भुनेश्वरी ने भूमि प्रदाय हेतु, ग्राम करूद के गेंदलाल साहू ने शौचालय एवं पशु शेड निर्माण, ग्राम पोखरा के सोनउ साहू ने प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, ग्राम करकरा के दयालाल पटेल ने प्रधानमंत्री आवास प्रदान करने, ग्राम करकरा के गीता पटेल ने पेंशन प्रदान करने, ग्राम सढ़ौली के फुलेश्वरी ध्रुव ने प्रधानमंत्री ▶▶|शेष पेज 10 पर



जनचौपाल में 51 आवेदन प्राप्त हुए

## दुलिया बाई ने दो बार सरपंच का तय किया सफर

# सरपंच बनने के बाद भी चूड़ी बेचने जाती है दुलिया

अलग खबर

शेख हसन खान ▶▶| मैनपुर

■ 10 से 15 किमी चलती हैं पैदल

एक महिला अगर ठान ले कि उसे आगे जाकर सफलता के झंडे गाड़ने है तो वह बड़े से बडे कार्य करती है, हम एक ऐसी महिला की जज्बे को सलाम करते है जिन्होने बचपना से गरीबी देखी है, और होश संभालते ही घर की जिम्मेदारी पूरा करने के लिए गांव - गांव में पहुंचकर कांच की चूडिया बेचकर दो बार सरंपच का सफर तय किया है। आज हमारे हरिभूमि संवाददाता ने मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा के सरपंच श्रीमती दुलिया बाई ध्रुव से मुलाकात किया। जो लगातार दो बार ग्राम पंचायत हरदीभाठा में सरपंच का चुनाव जीतकर गांव में विकास के कार्य करवा रहे हैं और अपने पिछले कार्यकाल में कराऐ विकास कार्य के दम पर फिर एक बार ग्राम पंचायत हरदीभाठा के मतदाताओं ने उन्हे दुसरी बार गांव की बागडोर सौंपा है। लेकिन आज भी दो बार लगातार सरपंच बनने के बावजूद दुलिया बाई ध्रुव महिलाओं के लिए एक मिसाल के रूप में देखी जाती है। क्योंकि दुलिया बाई ध्रुव महज 15 वर्ष की उम्र से गांव - गांव में पैदल घुमघुमकर चूडी बेचने का कार्य करती है और मैनपुर साप्ताहिक बाजार में सोमवार के दिन छोटे से चूड़ी की पसरा दुकान खोलकर ग्रामीण महिलाओं को चूड़िया पहनाती है और उससे मिलने वाले आय से जीवीकाउपार्जन करती है। सरपंच बनने के बाद भी दुलिया बाई के जीवन स्तर में कोई ▶▶|शेष पेज 10 पर





### लोग कहते हैं सरपंच बन गई हो अब तो चूडी मत पहनाया करो

ग्राम पंचायत हरदीभाठा के सरपंच दुलिया बाई ध्रुव ने बताया कि कई लोग उन्हे कहते है अब लगातार दो बार सरंपच बन चुके हो। चूडी पहनाने का व्यवसाय को बंद करों जिस पर दुलिया सभी को एक ही जवाब देती है यह मेरे पुस्तैनी व्यवसाय है इसी के सहारे मेरा जीवीकाउपार्जन होता है और वे सरपंच बनने के बाद चूडी पहनाने का कार्य बंद नही कर सकती क्योंकि यह उनकी रोजी रोटी का सवाल हैं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फिंगेश्वर।** ग्राम भसेरा मे 30 साल के युवक ने अपने ही घर के कमरे मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना मे लिया है। नये साल मे फिंगेश्वर थाना के अंर्तगत आत्महत्या करने का यह तीसरा मामला प्रकाश मे आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भसेरा मे 30 वर्षिय युवक ईश्वर ध्रुव पिता पंचूराम ध्रुव 1 जनवरी 2024 की रात्रि 8 बजे से लेकर 2 जनवरी 2024 की सुबह 6 बजे के बीच अपने ही घर मे टंगे बांस के लटठे मे प्लास्टिक रस्सी से फांसी लगाकर ▶▶|शेष पेज 10 पर

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### प्रयास बालिका स्कूल में लोकनाट्य का मंचन

**रायपुर।** प्रयास बालिका आवासीय स्कूल गुढ़ियारी में नववर्ष की पूर्व संध्या पर रविवार को लोकनाट्य दशमत का मंचन किया गया। इस नाटक के लेखक, निर्देशक एवं गीतकार-संगीतकार राकेश तिवारी हैं। विद्यालय की प्राचार्या मंजुला तिवारी ने सभी कलाकारों का स्वागत किया। इस नाटक में सुदामा शर्मा, मीना विश्वकर्मा, संत फरिकार, लोकेश साहू, सविता तिवारी, घनश्याम वर्मा, उत्तम ठाकुर, हेमलाल पटेल, विशाल वर्मा, हर्ष यादव, रत्ना ठाकुर, नरेंद्र यादव, नीतिश यादव, अर्जुन दास मानिकपुरी, सुमित तिवारी, डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर, मनीष लदेर, मोहन साहू एवं महेश कौशिक शामिल रहे।

### सूने मकान में धावा एक लाख की चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ उसके सूने मकान से नकदी छह हजार रुपए सहित 94 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक परसूलीडीह निवासी डोमन लाल सिन्हा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। डोमन लाल ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर उसके घर में प्रवेश कर आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी तथा जेवरों पर हाथ साफ कर दिया।

### सिगरेट नहीं देने पर राड से किया हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने दो अन्य युवकों तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ राड से हमला करने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर कॉलोनी निवासी राकेश सोनकर ने रोहित, राहुल तथा अन्य के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने पुलिस को बताया कि वह रास्ते में सिगरेट पीने के लिए रुका था, इसी दौरान रोहित तथा उसके अन्य साथी ने राकेश से सिगरेट की मांग की। इनकार किया तो बदमाशों ने राकेश के साथ मारपीट की।

### होटल के पास घूमने से मना करने पर चाकू से हमला

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक व्यक्ति ने एक युवक और उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट तथा चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक लभांडी निवासी मनोज पाल ने महेंद्र तथा उसके अन्य साथियों के खिलाफ मारपीट कर चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। मनोज ने पुलिस को बताया कि महेंद्र तथा उसके साथी साहू होटल के पास घूम रहे थे, तब उसने उन लोगों को होटल के पास घूमने से मना किया तो उन्होंने मनोज के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया।

### आंबा कार्यकर्ता-सहायिका भर्ती, 7 तक दावा-आपत्ति

**रायपुर।** जिले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 पद एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 7 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए अक्टूबर महीने मे आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों का सारणीकरण, मूल्यांकन पश्चात समिति में दिए गए अनुमोदन के बाद अंतरिम सूची बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगर निगम रायपुर के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। आवेदिका या अभ्यर्थी को यदि प्रकाशित अंतरिम मूल्यांकन पत्रक सूची के संबंध में कोई दावा-आपत्ति करनी हो तो आवश्यक दस्तावेज एवं साक्ष्य के साथ 7 जनवरी तक लिखित दावा-आपत्ति कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय में पेश कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद कोई भी दावा-आपत्ति कार्यालय में मान्य नहीं होगी।

### राज को पीएचडी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने राज वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने बस्तर के गोंड जनजाति के पारंपरिक कला का दस्तावेजीकरण पर शोध किया। प्रो. जितेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने यह शोध पूर्ण किया है। वैज्ञानिक जांच के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की कोशिश इस शोध के जरिए की गई है।

# सभी की मेहनत, त्याग व तपस्या से प्रदेश में खिला कमल : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

मंगलवार को शहर के प्रेम रतन पैलेस में राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की एक बैठक में विधायक रोहित साहू ने जय जय श्री राम के जयकारे से अपना भाषण शुरू किया। कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत से यह खुशी मनाने का अवसर आया है। कहा कि नेताओं का स्वागत तो होते रहता है परंतु आज ईमानदार कार्यकर्ताओं के स्वागत का यह पल है जिन्होने चुनाव में कमल खिलाने, दिन और रात एक कर दिया। श्री साहू ने कहा कि आप सबके मेहनत,त्याग ,तपस्या से राजिम विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश में कमल खिला है और सरकार बनी है। ये सब भगवान श्री राजीव लोचन, भोलेनाथ और हनुमान जी महाराज के असीम कृपा से संभव हुआ है। भाषण के दौर में उन्होने अपने मन की पीड़ा को जाहिर करते हुए कहा कि चुनाव के दौर में मुझ पर विरोधियो ने घिनौना आरोप लगाया कि ये धर्मांन्तिरत व्यक्ति है। तरह-तरह के दुष्प्रचार करते हुए भ्रामक विडियो रिकाडिंग भी चलवाए। मुझे सब मालूम है। मेरे पास ऐसे लोगो का विडियो रिकाडिंग है। कहा कि क्षेत्र की जनता को ये बात अच्छी तरह से मालूम है कि मै सनातन धर्म के प्रति समर्पित रहने वाला व्यक्ति हूं। छत्तीसगढ़ के 11 की 11 सीटें जीतकर केंद्र में एक बार फिर से नरेंद्र मोदी की सरकार बनाना है।

## कार्यकर्ताओं की बैठक में विधायक रोहित साहू का छलक आया दर्द



**फोटो खिचाने की मची रही होड़-** राजिम विधानसभा और बिंद्रानवागढ़ के जाबांज, उत्साही, ईमानदार भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक रोहित साहू को माला पहनाकर बुके भेंट कर लगातार न केवल स्वागत करते रहे बल्कि उनके साथ फोटो खिचाने की होड़ मची रही। पैलेस के बहुत बड़े हॉल में खचाखच भरे कार्यकर्ताओं के स्वागत सत्कार को देखकर अभिभूत हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह जीत आप सबकी जीत है। यह जीत पार्टी के जांबाज कार्यकर्ताओं, आम मतदाताओं, मातृ शक्तियों, युवाओं एवं तमाम शुभचिंतकों की जीत है। इस जीत को राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ताओं, शुभ चिंतकों एवं मतदाताओं को समर्पित करता हूं।

### इनकी रही उपस्थिति

पैलेस की बैठक में राजिम विधानसभा क्षेत्र के भीष्म पितामह माने जाने वाले पार्टी के वरिष्ठतम नेता चुनाव संचालक भागवत हरित,राम-लक्ष्मण की जोड़ी के रूप में फेमस जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित,सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,फिंगेश्वर नगर पंचायत के अध्यक्ष जगदीश यादव, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष गफ्फू मेमन, दीपक म्हस्के, राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाला साहू, किशोर साहू, किशन कंडरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेश यादव ने किया।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों का घटिया निर्माण

# समय से पहले उखड़ी सड़क, गिट्टी व बोल्डर बाहर निकलने से पैदल चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र सरकार द्वारा काफी महत्वूपर्ण योजना गांव से शहरों को जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना प्रारंभ किया गया है लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की अधिकांश सडके भ्रष्टाचार की भेंट चढ गई है, सडक समय से पहले उखड गया और बडे बडे बोल्डर,गिट्टी उखड जाने से वाहन चलाना तो दुर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है, बगैर पुल पुलिया के करोडों की लागत से सडकों का निर्माण किया गया है जो औचित्यहीन नजर आ रहा है, बार बार शिकायत करने के बाद सबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और तो और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के जिला स्तर के अधिकारी कभी क्षेत्र में दौरा करते दिखाई भी नहीं देते क्षेत्र की जनता जब समस्या लेकर गरियांबंद प्रधानमंत्री ग्राम सडक कार्यालय पहुंचते है तो वहां भी कई बार अधिकारियों से मुलाकात नहीं हो पाता अब छत्तीसगढ में भाजपा की सरकार बनने के बाद क्षेत्र के लोगो में उम्मीद जगी है कि ऐसे जर्जर सडकों की हालत में सुधार होगी साथ ही भ्रष्टचार की जांच किया जायेगा।

**बाकडी नदी में पुल निर्माण कार्य नहीं होने से कई दुर्घटनाएं घट चुकी-** धवलपुर जरण्डी मार्ग में बाकडी नदी में बारिश के दिनो में भारी बाढ के कारण लगभग तीन माह यह मार्ग पुरी तरह से बंद हो जाता है, यह बहुत बडा नदी है, जिसमें पैरी, झापन, सहित कई नदी मिलती है, इस नदी को पार कर स्कूली बच्चे हाईस्कूल की पढाई करने आते है हाईस्कूल की पढाई करने आ रहे छात्र की नदी में बहने से पूर्व में मौत हो चुकी है, लंबे समय से नदी में सडक निर्माण की मांग किया जा रहा है।



### वाहनों के टायर हो रहे पंचर

ऐसी ही एक सडक तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलोमीटर दुर ग्राम धवलपुर से जरण्डी नाला तक प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत 04 से 05 वर्ष पहले बनाया गया था यह सड़क बेहद जर्जर हो गया है, धवलपुर से लेकर जंगलधवलपुर और बाकडी नदी तक सड़क में बडे-बडे गढ्ढे और तो और बडे - बडे गिट्टी बोल्डर उखड गये है जिससे इसमें आये दिनों मोटर सायकल व अन्य वाहन के टायर पंचर हो रहे है, पैदल चलना भी बेहद तकलीफ दायक हो गया है, कई बार इस सडक की मरम्मत की मांग करते थक चुके है लेकिन अब तक सडक निर्माण कार्य पुरा नहीं हुआ है, वही बाकडी नदी के उस पार डेढ किलोमीटर सडक निर्माण किया गया है उसकी भी हालत खराब है।

### शिकायत कर थक चुके

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 07 किलोमीटर दुर ग्राम पंचायत बोईगांव से ठेमली, पथर्री तक लगभग 05 किलोमीटर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण दो से तीन बार किया जा चुका है लेकिन घटिया निर्माण कार्य के कारण समय से पहले यह सड़क जगह- जगह से उखड गया है कई बार क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर शिकायत कर थक चुके है लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है पूर्व जनपद सदस्य सुखचन्द्र ध्रुव, सरपंच सहदेव साण्डे, पूर्व सरपंच हिरौंदी बाई, रामसिंह नागेश आशीश कुमार, जयराम ध्रुरव, मुन्ना ध्रुव ने बताया कि 05 वर्ष पहले बोईरगांव से पथर्री तक सड़क निर्माण कार्य तीसरा बार किया गया जब निर्माण किया जा रहा था तब घटिया निर्माण कार्य की शिकायत क्षेत्र की जनता ने गरियाबंद पहुंचकर सबधित विभाग से किया लेकिन विभाग के अफसरों ने कभी ध्यान नहीं दिया।



### नये सिरे से कार्य किया जायेगा

प्रधानमत्री ग्राम सड़क योजना के सब इंजीनियर लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि धवलपुर जरण्डी मार्ग में एक कोट का कार्य हो चुका है और धवलपुर से नदी तक जो सड़क उखड़ा है उसमें फिर से गिट्टी डालकर नये सिरे से कार्य किया जायेगा, उन्होने कहा कि मोंहदा सडक निर्माण कार्य का प्रस्ताव गया है चुनाव के बाद ही कार्य प्रारभ होगा।

# रविवि ने बदली समय सारिणी, प्रोफेशनल कोर्स संग हो रहा था टकराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- सीए फाउंडेशन की परीक्षाओं संग टकरा रही थीं तारीखें, नई तिथियां जारी

पं. रविशंकर शुक्ल विवि ने वर्ष की शुरुआत समय-सारिणी में बदलाव के साथ की है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं दिसंबर माह से शुरू हो गई हैं। परीक्षाएं प्रारंभ होने के बाद बीच में यह बदलाव किया गया है। प्रोफेशनल कोर्स सीए फाउंडेशन और सीए सहित रविवि की डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रम की तारीखें आपस में टकरा रही थीं। इसे देखते हुए छात्रों सहित कॉलेज प्रबंधन ने भी तिथियों में बदलाव की मांग की थी। डीसीए सहित अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम करने वाले छात्र इनके साथ-साथ डिग्री व प्रोफेशनल कोर्स की भी तैयारी करते हैं।

संशोधित समय-सारिणी रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। तिथियों में बदलाव के बाद अब ये परीक्षएं लंबी चलेंगी। डीसीए की 10 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 23 जनवरी को होगी। वहीं एमएड द्वितीय सेमेस्टर की एटीकेटी की 22 जनवरी को होने वाली परीक्षा अब 29 जनवरी को होगी। सेंटर फॉर बेसिक साइंस की परीक्षा तिथियों में भी बदलाव किया गया है।

### आवेदन पांच तक

सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ ही रविवि वार्षिक परीक्षाओं की भी तैयारी कर रहा है। नियमित व स्वाध्यायी दोनों ही छात्रों के लिए आवेदन 15 दिसंबर से प्रारंभ कर दिए गए थे। छात्र 5 जनवरी तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद छात्रों को विलंब शुल्क के साथ आवेदन करने का मौका 13 जनवरी तक मिलेगा। छात्रों को इस दौरान 100 रुपए विलंब शुल्क के रूप में देने होंगे। वार्षिक परीक्षाएं मार्च माह में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा तिथि माहांत अथवा फरवरी तक जारी होने की संभावना है।

## पौने तीन करोड़ कैश, ढाई करोड़ का सामान जब्त

# गुटखा पैकेजिंग कारोबारी के ठिकानों पर दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुटखा पैकेजिंग करने वाले एक कारोबारी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई करते हुए कैश दो करोड़ 88 लाख रुपए तथा गुटखा पैक करने के काम आने वाले 2 करोड़ 60 लाख रुपए के पैकेजिंग आयटम्स जब्त किए हैं।

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक बोरियाकला स्थित मेसर्स ओम रोटो प्रिंटर्स के संचालक मनोज टेकवानी के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई है। ओम रोटो प्रिंटर्स में तंबाकू, पान मसाला इकाइयों के लिए पैकेजिंग सामग्री (फिल्म, फाइल, स्ट्रिप्स तथा प्लास्टिक वस्तु) का चोरी-छिपे निर्माण करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद सेंट्रल जीएसटी की टीम ने मौके पर पहुंचकर पड़ताल की तो कारोबारी के ठिकाने से ढाई करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत के पैकेजिंग आयटम्स मिले। पैकेजिंग आयटम्स के बिल तथा दस्तावेज दिखाने की मांग करने पर कारोबारी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। इस वजह से पैकेजिंग सामान जब्त किया गया।



### पैकेजिंग आयटम की ओडिशा आपूर्ति

सेंट्रल जीएसटी के अफसरों के मुताबिक गुटखा तथा तंबाकू उत्पाद के लिए कारोबारी जो पैकेजिंग आयटम्स तैयार कर रहा था। उसे वह कच्चे में ओडिशा के कारोबारियों को आपूर्ति करता था। अफसरों के अनुसार कारोबारी के घर की तलाशी में जो नकद राशि मिली है। उस राशि का हिसाब कारोबारी नहीं दे पाया, इस वजह से उक्त राशि भी जब्त की गई है।

# महिला के सिर पर वार कर हत्या नशेड़ी बेटा गायब, मोबाइल बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- डीडीनगर थाना क्षेत्र में इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज-2 की घटना
- मोबाइल रिसीव नहीं करने पर महिला का पति घर पहुंचा, तब पता चला

डीडीनगर थाना क्षेत्र में स्थित इंद्रप्रस्थ फेज-2 कॉलोनी में नए साल के पहले दिन सोमवार को एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस तथा फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मामले की पड़ताल में जुट गई। महिला की मौत सिर पर चोट लगने की वजह से हुई है। पुलिस के अनुसार किसी ने महिला के सिर पर भारी वस्तु से वार कर उसकी हत्या की है। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है तथा उसका मोबाइल बंद है।

पुलिस के अनुसार 50 वर्षीय पी. नीता राव की उसके मकान के कमरे में लाश मिली है। पुलिस को महिला की हत्या की जानकारी उनके पति पी. गौरी के माध्यम से मिली।

मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि वह टाटीबंध में रहता है, इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में उसकी पत्नी तथा बेटा रहते थे। वह अपनी पत्नी से कभी-कभी मिलने आता था, इसके अलावा मोबाइल से संपर्क में रहता था। शुक्रवार को सुबह से पी. नीता को उसके पति ने कई बार कॉल किया, लेकिन पी. नीता ने कॉल रिसीव नहीं किया। इसके बाद पी. गौरी इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित घर पहुंचा, तब उसने अपनी पत्नी को खून से लथपथ मृत हालत में देखा। इसके बाद पी. गौरी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।



### बेटा करता था मां से विवाद

प्रारंभिक पड़ताल में पुलिस को जानकारी मिली है कि मृतका का बेटा पी. नागेश राव अपनी मां के साथ विवाद करता था। घटना के बाद से मृतका का बेटा गायब है और उसका मोबाइल नंबर बंद मिल रहा है। पुलिस को पता चला है कि नागेश नशे का आदी था। उस पर शक किया जा रहा है।

# महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोगों को बनाया गया आरोपी

महादेव सट्टा एप मामले में सोमवार को ईडी के विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी के वकील डॉ. सौरभ पाण्डेय ने कोर्ट में 18 सौ पन्नों का प्रथम पूरक चालान पेश किया। ईडी ने महादेव सट्टा एप में तीन नए आरोपियों के नाम शामिल किए। इस तरह से महादेव सट्टा एप में अब तक 19 लोग आरोपी बनाए गए हैं। कोर्ट में पेश परिवाद पर 10 जनवरी को बहस होगी।

गौरतलब है कि महादेव सट्टा एप को लेकर ईडी के वकील ने पूर्व में जो परिवाद पेश किया था, उसमें छह हजार करोड़ रुपए गड़बड़ी होने का आरोप लगाया गया है। ईडी के वकील ने कोर्ट में पूरक चालान पेश करते हुए पुलिसकर्मी भीम सिंह यादव, असीम दास के अलावा शुभम सोनी, अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी का नाम शामिल किया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व ईडी ने महादेव सट्टा एप को लेकर अक्टूबर में 10 हजार पन्नों का कोर्ट में चालान पेश किया था।


महादेव सट्टे में फिर आधा दर्जन कारोबारियों पर छापे

### रोहित तथा अनिल कारोबारी

जानकारी के मुताबिक अनिल अग्रवाल तथा रोहित गुलाटी दोनों कारोबारी हैं। सूत्रों के मुताबिक महादेव सट्टा एप की रकम को हवाला तथा मनी लांड्रिंग के माध्यम से अनिल तथा रोहित पर खपाने का आरोप है। सूत्रों के मुताबिक दोनों कारोबारियों का सौरभ चंद्राकर के साथ डायरेक्ट लिंक जुड़ा हुआ है। जांच के दौरान ईडी को अनिल तथा रोहित के महादेव सट्टा एप में शामिल होने के पुख्ता प्रमाण मिले थे, इसलिए दोनों के नाम को ईडी ने आरोपियों की सूची में शामिल किया है।

## पेज 9 के शेष...

### ड्राइवरों की हड़ताल...

टैंक फुल कराने लाइन में लगे रहे। केंद्र सरकार ने हिट एंड रन मामले में कानून को लेकर संशोधन किया है, उसके विरोध में ट्रांसपोर्टर और ट्रक चालक 1 से 3 जनवरी तक हड़ताल में हैं। इसका सीधा असर राज्य और देश की अर्थ व्यवस्था पर दिख रहा है। दूसरे दिन मंगलवार को गरियाबंद शहर में इसका असर साफ देखने को मिला।

**नए कानून में सड़क हादसे में मौत पर बड़ी सजा का प्रावधान-** नए कानून के मुताबिक सड़क हादसे में यदि किसी की मौत होती है, तो वाहन चालक को 10 साल की कैद की सजा और 5 लाख रुपए का जुर्माना की सजा का प्रावधान है। ट्रक चालकों का कहना है कि हर एक दुर्घटना में गलती चालक की गलती नहीं। इसके बाद भी बड़ी गाड़ी के चालक को निशाना बनाया जाता है। यदि नए कानून तहत सजा मिली तो उनका परिवार सड़क पर आ जाएगा।

**ड्राइवरों ने किया हाईवे पर प्रदर्शन, यात्रियों को हुई परेशानी-** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिंट एंड रन कानून के विरोध में पूरे देश सहित गरियाबंद में ट्रक और मेटाडोर डंपर छोटा हाथी चालकों ने अपनी गाड़ीयो को खड़ा कर दिया। उनका कहना है कि ये कानून गलत है और इसे वापस लेना चाहिए। इसी मांग को लेकर छत्तीसगढ़ मुंबई, इंदौर से लेकर दिल्ली-हरियाणा, यूपी समेत कई जगहों पर ट्रक चालकों ने अपने-अपने ट्रक सड़कों पर खड़ा कर जाम लगा दिया। कानून को वापस लेने की मांग को लेकर ड्राइवरों ने काम बंद कर दिया,और वही आते जाते सभी वाहनों के ड्राइवरों को बक़ायदा नए क़ानून के विषय में समझा भी रहे है और उनके समर्थन में बात कह रहे है यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### काजू से भरा ट्रक...

पलटी ट्रक के ऊपर पलट गई ट्रक के पलट जाने से काजू के डिब्बे चारो तरफ बिखर गये।

**2023 में सड़क हादसे में 28 की हुई मौत-** पुलिस अनुविभाग मैनपुर से मिली जानकारी के अनुसार 2023 में मैनपुर से लेकर देवभोग, अमलीपद, इदागांव, जुंगाड, शोभा थाना अंतर्गत भारी संख्या में सडक दुर्घटनाओं के लोग शिकार हुए है, एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजीलाल सिंह ने बताया कि मैनपुर अनुविभाग के थानाओं में 59 प्रकरण एक्सीडेंट के दर्ज किये गये है जिसमें मैनपुर में 19 देवभोग में 29, अमलीपदर में 09, इदागांव मे 04, जुंगाड में 02, शोभा में 06 और 59 लोग घायल हुए है जिसमें 28 लोगो की मौत सडक दुर्घटनाओं से हुई है श्री बाजीलाल सिंह ने बताया कि अधिकांश सडक दुर्घटना के पीछे शराब सेवन मुख्य कारण रहा है।

### कलेक्टर ने जनचौपाल...

आवास एवं शौचालय प्रदाय करने, ग्राम हरदी के भानुप्रताप ने धान विक्रय हेतु नवीन पंजीयन कराने जैसे संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी मणीवासगन एस, अपर कलेक्टर अविनाश भोई सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सरंपच बनने के...

खास बदलाव देखने को नहीं मिला जहां एक ओर पंचायत कार्यालय में सरपंच की कुर्सी में बैठकर गांव के विकास कार्यों को अंजाम दे रही है। वहीं दुसरी ओर आज भी सप्ताह में चार दिन 10 से 15 किलोमीटर पैदल गांव गांव पहुचकर चूडिया बेचने की काम करती है।

**पांचवीं तक की शिक्षा हासिल की**

दुलिया बाई ध्रुव सरपंच हरदीभाठा ने बताया कि वे पांचवी तक शिक्षा हासिल की है और परिवार बहुत गरीब होने के कारण उसके मां घर - घर जाकर चूडिया पहनाती थी। उन्ही के द्वारा उन्हे पुस्तैनी रूप से चूडी पहनाने का यह व्यवसाय मिला है और वे महज 15 वर्ष की उम्र से गांव - गांव में चूडी पहना रही है। मैनपुर से 15 किलोमीटर दूर तक के लगभग 35 ग्रामों में ग्रामीण महिलाओ कों चूडी पहनाने की काम करती है।

**ग्राम पंचायत हरदीभाठा की जनसंख्या लगभग 1200-** ग्राम पंचायत हरदीभाठा तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत है और यहां की मतदाता लगभग 1200 के आसपास है और इस गांव को ओडीएफ घोषित किया गया है। पिछले पांच वर्ष के कार्यकाल में सरपंच के द्वारा कई सीसी रोड, नाली निर्माण, तालाब खनन व अनेक विकास कार्य कराए गए है। गांव के गलियों और तालाब में साफ सफाई करते स्वयं झाड़ु लगाते नजर भी आती है। उन्होंने बताया गांव को स्वच्छ रखना पंचायत की जिम्मेदारी है हमारे गांव में साफ सफाई करने वालों कर्मचारियों की कमी है इसलिए स्वयं जब भी समय मिलती है गांव की गलियों में साफ सफाई करने निकल पड़ती है उन्होंने बताया पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने उन्हें रायपुर में बुलाकर उनका सम्मान किया था।

### युवक ने फांसी...

आत्महत्या कर ली। सुबह घर वालों को इस घटना की जानकारी होने पर पिता पंचूराम ने पुलिस को खबर किया। खबर पाते ही थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार विजयवार के निर्देश पर प्रधान आरक्षक लक्षेन्द्र दीवान घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक जानकारी लेकर कार्यवाही करते हुए शव को फिंगेश्वर चीरघर भिजवाया और उसका पीएम कराकर शव परिजनों के हवाले किया। प्रधान आरक्षक लक्षेन्द्र दीवान ने बताया कि आत्महत्या का कारण प्रथम दृष्टव्या पारिवारिक कारण के रूप मे उभर कर सामने आ रहा है फिर हाल मर्ग कायम कर मामले की विवेचना जारी है।

### गणतंत्र दिवस पर कोविड का साया समारोह में सावधानी के निर्देश

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन गरियामय समारोह में प्रातः 9 बजे तिरंगा फहराने के बाद परेड की सलामी लेंगे। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए समस्त विभाग, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के परिप्रेक्ष्य में समारोह में विशेष सावधानी बरतने के साथ ही मास्क पहनने, सामाजिक दूरी आदि नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### ग्राम हरदीभाठा में मां कर्मा भवन का लोकार्पण 4 को

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा मे ग्रामीण साहू समाज हरदीभाठा द्वारा नवनिर्मित जय मां कर्मा भवन का उदघाटन 4 जनवरी दिन गुरूवार को सुबह 10 बजे होगा। इस कार्यक्रम में मुख्यअतिथि महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू, अध्यक्षता ग्राम साहू समाज अध्यक्ष डमरूधर साहू, विशेष अतिथि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम, साहू समाज अध्यक्ष देवचरण साहू, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, ग्राम प्रमुख हेमसिंह नेगी शामिल होगें।

### अब तक नहीं बदली हाट बाजार क्लीनिक वाहन की तस्वीर



**मैनपुर।** छत्तीसगढ प्रदेश में सत्ता बदल गई और तो और साल भी बदल नया साल प्रारंभ हो गया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग मैनपुर में हाट बाजार क्लीनीक योजना के तहत चल रहे इस वाहन से पुरानी सरकार की न तो तस्वीर बदली न इस ओर विभाग ने कभी ध्यान दिया।

### स्वस्थ जच्चा सुरक्षित बच्चा के तहत ग्राम स्तरीय हुई बैठक

**रसेला।** जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के नवाचार अभियान के तहत जनजाति क्षेत्र के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ के साथ मीटिंग सम्पन्न हुई। जिसमें जिले को कुपोषण मुक्त, एनीमिया मुक्त, प्रसव पूर्व देखभाल एवं सही स्तनपान को लेकर व्यवहार परिवर्तन पर चर्चा की गई। बैठक में पंचायत की भूमिका एवं पालकों की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। गृह भ्रमण , रेडी टू ईट, गुड़ चिकी, गरम भोजन आदि को गर्भवती माता एवं बच्चो तक सही पोषण के लिए कार्यकर्ताओं द्वारा शत प्रतिशत सुनिश्चितता करने के संबंध में भी चर्चा की गई। ग्राम पंचायत लोहारी में हुई इस मीटिंग में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों के उचित देखभाल, खानपान एवं टीकाकरण को बेहतर करने के उद्देश्य से सभी को साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता बताई गई। साथ ही इस जानकारी को जिले के सभी लोगों तक पहुंचाने की आवश्यकता बताई गई। जिससे ग्रामीण जन माताओं एवं बच्चों के बेहतर देखभाल और पोषण के लिए जागरूक होंगे। बैठक में यूनिसेफ जिला सलाहकार चित्रा साहू, पीपरछेड़ी सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती सरोज मीर्चे, पंचायत प्रतिनिधि एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मड़ई मेला स्थगित

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5 जनवरी को मड़ई मेला कार्यक्रम रखा गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। यह जानकारी ग्राम पटेल नंदलाल साहू, सरपंच श्रीमती शांति बाई ध्रुव, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष विशाल साहू, उपसरपंच मेतर साहू, विक्रम सिंह मांडवी ने दी है।

# अयोध्या से आए अक्षत को नगर में स्वयंसेवकों ने किए घर-घर वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उससे पूर्व समस्त हिंदु संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत, पत्रक व प्रभु राम के चित्र को छुरा प्रखंड के 158 ग्रामों तक पहुंचाने का कार्य प्रारंभ किया गया। इसी कार्यक्रम के क्रम में प्रखंड के गांव-गांव में अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा में शामिल बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा भगवान श्री राम के जमकर जयकारे लगाए गए। यात्रा के पश्चात कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के मामुली पारा,गढ़िया पारा एवं अस्पताल पारा,गिधनी में अयोध्या से आए पवित्र अक्षत पत्रक एवं भगवान श्री राम के चित्र का वितरण कर 22 जनवरी को अपने घरों में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन करने का आह्वान किया गया। अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में हो रही भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दर्शनों का निमंत्रण देने हेतु सोमवार से कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत व राम मंदिरचित्र का वितरण शुरू कर दिया है। जिसे लेकर रामभक्तों में अपार उत्साह नजर आया।

**नगर में भी होंगें कई कार्यक्रम-** विश्व हिन्दू परिषद् के प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल जैन ने बताया कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन नगर में भी मानस मंदिर में सुबह 9 बजे हवन-यज्ञ के बाद 11 बजे से श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा का का कार्यक्रम एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया जाएगा। वहीं नगर के शीतला मंदिर परिसर में भंडारा प्रसादी का कार्यक्रम भी होगा।

### यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं ने जय श्री राम के जमकर जयकारे लगाए



#### मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हों

धर्म प्रचारक शीतल ध्रुव,छत्तर सिंह ठाकुर ने क्षेत्रवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी रामभक्तों को उसी दिन अयोध्या नहीं बुलाया जा सकता। इसलिए हमारा आह्वान है कि प्रत्येक हिंदू अपने मोहल्ले या गांव के मंदिर को ही अयोध्या मानकर वहां एकत्र हो। वहां की परंपरानुसार पूजा-पाठ, आराधना व अनुष्ठान करें। पूज्य संतों द्वारा दिए गए विजय महामंत्र' श्रीराम जय राम जय जय राम' का जाप करें। बता दे कि पखवाड़े के तहत 1 जनवरी से 15 जनवरी घर-घर जाकर संघ के स्वयंसेवक अयोध्या से आये पूजित अक्षत व राम मंदिर के चित्र का वितरण करेंगे।



## स्वागत : गाजे-बाजे के साथ निकली रैली, स्वागत करने उमड़ा शहर

# विधायक रोहित साहू की निकली आभार रैली, राजिम में हुआ ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मंगलवार की शाम राजिम विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक रोहित साहू की आभार रैली निकली। शहर में जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत हुआ। स्वागत करने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा था। यह रैली प्रेम रतन पैलेस से खुली जीप में गरियाबंद मार्ग से होते हुए निकली तो सबसे पहले गौशाला के पास पुष्प वर्षा करते हुए विधायक रोहित साहू का स्वागत किया गया। धमाल बाजे के साथ आगे बढ़ते हुए रैली दत्तात्रेय मंदिर के पास पहुंची। यहां पर राजमिस्त्री संघ और मुहल्लेवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। रैली आगे बढ़ते हुए मां महामाया मंदिर के पास पहुंची तो यहां पर आतिशबाजी करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर के नेतृत्व में अपार भीड़ द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए स्वागत किया। स्वागत करने वालो में इस चौक में पार्षद टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर सहित मुहल्लेवासी शामिल थे। यहां से विधायक श्री साहू का काफिला मां महामाया मंदिर पहुंचा। विधायक ने माता जी की पूजा-अर्चना किया। रास्ते भर शहरवासियों ने अपने प्रिय विधायक का स्वागत फुल माला बुके,नारियल भेंट कर आरती करके किया। यहां से बढ़ते हुए भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद सुभाष चौक गायत्री मंदिर से पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक होते हुए देर रात विधायक निवास पहुंचा। यह पहला अवसर है कि राजिम के इतिहास में शहरवासियों ने विधायक रोहित साहू का दिल खोलकर स्वागत किए।





### यह जीत, आप सबकी जीत है : विधायक

स्वागत रैली में विशेष रूप से पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,वरिष्ठ नेता भागवत हरित,जिला पंचायत सदस्य शेखर साहू,जिला भाजपा उपाध्यक्ष महेश यादव,मनीष हरित,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,किशोर साहू,विकास साहू,भाजपा के युवा नेता ललित सिन्हा,नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंजू नायक,विभा अवस्थी,सुश्री छाया राही,पुष्पा गोस्वामी,देवकी साहू,मधु नत्थानी,खुशी साहू,अनिता यादव,ध्रुव शर्मा,टंकु सोनकर,प्रवीण पुष्पाकर,मनोज देवांगन, शरद पारकर,बोधन साहू सहित बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल थे। मालूम हो कि लोगों के उत्साह और रास्ते भर गुलाल की बौछार और एटम बम के धमाको से पूरा शहर ऐसा महसुस होने लगा मानो होली, दीपावली एक साथ आ गई हो। स्वागत करने के लिए लोगों में एक तरह से जुनुन नजर आ रहा था। इस स्वागत से अभिभूत रोहित साहू ने कहा कि यह जीत आप सबकी जीत है। यह जीत पार्टी के जांबाज कार्यकर्ताओं, आम मतदाताओं, मातृ शक्तियों, युवाओं एवं तमाम शुभचिंतकों की जीत है।





### विधायक पहुंचे कुलेश्वर मंदिर, मांगाआशीर्वाद



**नवापारा-राजिम।** नए साल 2024 के शुभ अवसर पर अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे। यहां श्री साहू ने पूजा-अर्चना कर समूचे अभनपुर विधानसभा क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए मंगल कामना किया। श्री साहू के साथ भाजयुमो अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, भूपेंद्र सोनी, संजय साहू,मनीष चौधरी, अजित चौधरी, सिंटू जैन, धीरज साहू, सागर साहू, सुरेश वर्मा सहित पार्टी के अनेको कार्यकर्ता थे।

### नपा के नेता प्रतिपक्ष पहुंचे विधायक निवास...



राजिम। नए साल 2024 के शुभ अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू को बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए नवापारा नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, संजीव-टिंकु सोनी, बाबी चांवला, रेशम सिंह हुंदल, जेठुराम कोसरे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे।

### करकरा में मनाई गई गुरु घासीदास की जयंती



**मुड़ागांव(कोरासी)।** विगत दिनों ग्राम करकरा (छुरा) में गुरु घासीदास जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजिम विधानसभा के विधायक श्री रोहित साहू थे। अध्यक्षता ग्रामपंचायत के सरपंच श्रीमती कुमारीबाई ध्रुव ने की विशेष अतिथि प्रहलाद यदु प्रदीप बघेल संदीप पांडे राजू साहू पीलूराम यादव थे। कार्यक्रम का संचालन सुखीराम साहू शिक्षक ने किया। आभार डॉक्टर शिवनारायण खुंटे ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से बलवंत बघेल, पुरनदास, समारुराम कोसले, पीलसिंग जांगड़े, मोहन बागे, दरवनलाल, तेजराम खोरबाहरा, भुनेश्वर साहू, पंकज निर्मलकर, भानू साहू, रमन, नामदेव उपस्थित रहे।

### जनकल्याणकारी योजना से लोग हो रहे लाभान्वित : अलका

**महासमुंद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खल्लारी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों में विकास रथ पहुंच रही है। ग्राम बस्ती बागबाहरा, गांजर, बरबसपुर, सिर्री, अरंड, बिहाझार ग्रामों में संकल्प यात्रा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पहुंची भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार के जनकल्याणकारी योजना से हर कोई लाभान्वित हो रहा है। उनके योजनाओं से कोई वंचित न रहे, हितग्राहियों से संवाद अनुभव भी साझा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी भारत हैं, भारत मोदी है। आज विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं प्रधानमंत्री आवास, गरीब कल्याण अन्नपूर्णा, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा आदि अनेक योजनाएं हैं, जिनसे देश के करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनने के बाद सुशासन का सरकार आया हुआ है।

## सारागांव में बाल व किशोर संस्कार शाला का हुआ वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

छुरा विकासखंड के सारागांव में दिनांक 30 दिसंबर को गायत्री परिवार के द्वारा चलाये जाने वाले बाल संस्कारशाला एवं किशोर संस्कारशाला का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजनों एवं ग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यामिनी यादव जिला महिला प्रकोष्ठ तथा पुरुषोत्तम यादव युवा प्रकोष्ठ उपजोन रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के सरपंच गोकुल राम ध्रुव ने किया। देव प्रतिमा पर अतिथियों के द्वारा पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पुरुषोत्तम यादव ने युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति तथा आज के समय में युवाओं की भूमिका विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा गायत्री परिवार के द्वारा युवाओं के लिए आयोजित किए जाने वाले एक दिवसीय तीन दिवसीय तथा छः दिवसीय दिवसीय युवा चेतना शिविर के विषय में बताते हुए गांव में चलाए जा रहे बाल संस्कारशाला एवं किशोर संस्कारशाला के महत्व के विषय में बता कर अपने बच्चों को संस्कारशाला में भेजने का निवेदन ग्राम के लोगों से किया। यामिनी यादव ने सभ्य एवं संस्कारित समाज को गढ़ने में नारी शक्ति की भूमिका विषय पर व्याख्यान देते हुए गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न संस्कारों के विषय में जानकारी दी गई।





# जिले में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- पेट्रोलिंग के माध्यम से रखी जा रही नजर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के संबंध में मंगलवार को वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव, डीजीपी, सभी कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर एवं एसपी की बैठक ली। बैठक में गरियाबंद एनआईसी कक्ष से कलेक्टर आकाश छिकारा एवं एसएसपी अमित तुकाराम कांबले सहित अन्य अधिकारी गण शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं के आपूर्ति में कोई कमी ना आए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पेट्रोल डीजल की पर्याप्त आपूर्ति भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा ज़िले में क़ानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे यह भी ध्यान रखने कहा। साथ ही भारतीय न्याय संहिता के नए हिट एंड रन कानून के बारे में सही जानकारी के प्रचार प्रसार के निर्देश दिए।




### नए कानून से लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी

मुख्यमंत्री श्री साय ने वीसी के माध्यम से कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में भारतीय न्याय संहिता को संसद से मंजूरी दी है। नए कानून में हिट एंड रन के केस में गलत ड्राइविंग या नशा सेवन कर लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने वाले के सजा में आवश्यक संशोधन किया गया है। सुरक्षित और बिना नशा के गाड़ी चलाने वाले को इस कानून से कोई दिक्कत नही होगी। इससे सड़क दुर्घटना में कमी आयेगी और लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। हिट एंड रन का सीधा सा अर्थ है कि दुर्घटना के बाद ड्राइवर का गाड़ी के साथ मौके से भाग जाना। अगर किसी गाड़ी से किसी को टक्कर लग गई घायल की मदद करने के बजाय ड्राइवर गाड़ी को लेकर फरार हो जाता है तो ऐसे केस हिट एंड रन में गिने जाते हैं।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने बताया कि जिले में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में कोई दिक्कत नही है। सभी चीजों की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही जिले के डीजल पेट्रोल पंपों में भी पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है। इसके अलावा किसी भी समस्या की जानकारी देने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 07706241288 सक्रिय कर दिया गया है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : ... मो. 9406004581
बिलासपुर : ... मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्र का घर-घर वितरण

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अयोध्या से आए पूजित अक्षत पत्र का घर-घर वितरण किया गया। बता दें कि अयोध्या धाम में बनकर तैयार भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इसके लिए अयोध्या से आए पूजित अक्षत, राम मंदिर रामजी की फोटो तथा आमंत्रण पत्र वितरण किया गया। बहुप्रतीक्षित रामलला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर भक्तिमय वातावरण निर्मित करने खरोरा के ग्रामीणों ने नववर्ष की नवकिरण के साथ भगवान रामजी की पूजा अर्चना कर श्रीगणेश किया गया। संवेदना समूह द्वारा अक्षत वितरण का कार्यक्रम शुरू किया गया। भक्तिमय वातावरण तैयार करने ग्राम खरोरा के सरपंच सुनीता देवदत्त चंद्राकर ने रामायण मंडली से चर्चा की गई। 22 जनवरी को दीपक जलाकर, रामायण पाठ कर उत्सव मनाने का संकल्प लिया गया। 1001 दीपक जलाए जाएंगे। रामचरित मानस कीर्तन भजन कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर, जितेंद्र कुमार चन्द्राकर,ओम प्रकाश चन्द्राकर, गीता चन्द्राकर, मेमन चन्द्राकर, विष्णु राम, योगी, कीर्ति, धृति, आर्यन, भूमिका, गायत्री चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### बैतारी में अंतराज्जीय क्रिकेट टूर्नामेंट 7 से

**सरायपाली।** समीपस्थ ग्राम बैतारी में अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 7 जनवरी से शुरू होगा। जिसमें तीन राज्यों की कुल 16 टीम भाग लेंगी। फाइनल मुकाबला 14 जनवरी को होगा। प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। आयोजन को लेकर मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति के संरक्षक सुनील साहू, अध्यक्ष नवीन साहू, उपाध्यक्ष नीरज प्रधान, सचिव अमित शनिकर सहित सभी सदस्य प्रतियोगिता को भव्य रुप देने में जुटे हुए हैं।

### अघरिया समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा

**महासमुंद।** अखिल भारतीय अघरिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष भुवनेश्वर पटेल के साथ नगर अध्यक्ष रायगढ़ लक्ष्मीकांत पटेल का महासमुंद नगर आगमन हुआ। स्थानीय काव्यांश भवन में उनका गुलदस्ता भेंटकर, गुलाल लगाकर व पुष्पहार से आत्मीय स्वागत किया गया। सामाजिक विषयों पर चर्चा के बाद केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम पैता विकासखंड बसना में निर्माणाधीन समाज के आराध्य देव श्रीकृष्ण की धाम हम सबके सपनों का मथुरा वृंदावन धाम है। योगेश्वर भगवान कृष्ण विराजमान होंगे। साथ ही अस्पताल, स्कूल, छात्रावास, सत्संग भवन, श्रीकृष्ण वाटिका तथा अन्य सामाजिक क्रियाकलापों के लिए भवनों का निर्माण धाम की भव्यता में चार चांद लगाएंगी। केंद्रीय अध्यक्ष ने अंतर्जातीय विवाह, वैवाहिक कार्यक्रमों में मांसाहारी भोजन व्यवस्था, जूता चोरी प्रथा की बिगड़ता स्वरूप सहित अन्य सामाजिक विषयों पर सारगर्भित विचार रखें। इस अवसर पर समाज के क्षेत्रीय अध्यक्ष होरीलाल पटेल, सचिव देवा पटेल, महिला संयोजिका जशोमती पटेल, विष्णु पटेल, फगुलाल पटेल, लखन पटेल, गणेश नायक, निर्मला पटेल, मीना नायक, नवीन कश्यप, कुंतीला पटेल, होमेश नायक, नारायण चौधरी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन :** आज विभिन्न संस्कार कराया जाएगा तथा यज्ञ की पूर्णाहुति होगी

# सुख-समृद्धि की प्राप्ति पुण्यफल की मात्रा पर, दुःख त्रुटियों और विकृतियों का फल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और ग्राम कोचवाय सहित आस पास के ग्रामीणों के सहयोग के साथ गायत्री परिवार गरियाबंद के चारो ईकाई के प्रायास से राष्ट्र जागरण हेतु 24 कुण्डीय महायज्ञ के साथ प्रज्ञा पुराण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय गरियाबंद से 6 किलोमीटर दूर ग्राम कोचवाय में आयोजन किया जा रहा है। शांतिकुंज से पहुंचे ऋषि पुत्र मुख्य वक्ता योगेश पटेल के द्वारा आज प्रज्ञा पुराण में बताया गया कि देवताओं का वरदान वस्तुतः इतना सस्ता नहीं है जितना लोगों ने समझ रखा है। वे 'दर्शन' करने मात्र से प्रसन्न हो जाएगे या अक्षत, पुष्प जैसी छोटी चीजें पाकर अपना अनुग्रह हमारे ऊपर उड़ेल देंगे, ऐसा सोचना उचित नहीं। पूजा का भी अपना महत्त्व है, उसका भी लाभ होता है, पर मूल तथ्य पात्रता है। अनधिकारी की या कुपात्र की प्रार्थना सफल नहीं होती। देवता या भगवान को प्रसन्न करने का, उनका अनुग्रह प्राप्त करने का सुनिश्चित मार्ग अपनी पात्रता बढ़ाना ही हो सकता है। इस सृष्टि में कोई वस्तु मुफ्त नहीं मिलती। हर वस्तु का मूल्य निर्धारित है। उसे चुकाने पर ही कुछ प्राप्त कर सकना संभव हो सकता है। सुख और समृद्धि की प्राप्ति पुण्यफल की मात्रा पर निर्भर रहती है। दुःख हमारी त्रुटियों और विकृतियों के फलस्वरूप प्राप्त होते हैं। सुख प्राप्त करने और दुःख निवारण के लिए पुण्य एवं तप की अभीष्ट मात्रा चाहिए। अन्यथा वाणी से निकले हुए केवल शब्द भले वह आशीर्वाद की भाषा में कहे गए हों, किसी के लिए विशेष उपयोगी सिद्ध नहीं हो सकते। ईश्वर की सुव्यवस्थित सृष्टि का कण-कण नियम-बंधनों में बँधा हुआ है। इतना बड़ा शासनतंत्र बिना नियम व्यवस्था के चल ही नहीं सकता।सूर्य और चंद्रमा नियत समय पर उदय होते हैं, पृथ्वी नियत मार्ग पर नियत चाल से चलती है।






### यज्ञ हमारी संस्कृति का हिस्सा है

ग्राम कोचवाय में आयोजित प्रज्ञा पुराण एवं महायज्ञ के तीसरे दिवस शान्ति कुंज से पधारे ऋषिपुत्रों द्वारा यज्ञ क्यों करना चाहिए इस पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि हम सबको प्रतिदिन नियमित यज्ञ करना चाहिए, हमारे पास हवन सामग्री ना हो तो तुलसी के पौधा में जल चढ़ा दो यज्ञ का फल मिलेगा और जल भी न हो तो हवा में हाथ उठाकर भाव से यज्ञ भगवान को याद कर लीजिए बस यज्ञ हो गया। यज्ञ हमारी संस्कृति का हिस्सा है यज्ञ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। यज्ञ का धूम्र ओजोन परत को छिद्र होने से बचाता है यज्ञ से वर्षा होती है और पेड़ पौधा को प्राण मिलता है। इसके अभाव में हम आज कमजोर और दुर्बल हो रहे हैं। आज गोबर खाद का उपयोग कम कर रहे हैं और हम रासायनिक खाद का कीटनाशक का उपयोग कर रहे हैं। 3 जनवरी को भी विभिन्न संस्कार कराया जाएगा तथा यज्ञ की पूर्णाहुति की जाएगी।

### इनका रहा योगदान

मां गायत्री के महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण में शामिल होने वाले सभी भक्तों के लिए भोजन भण्डारा की व्यवस्था रखा गया है।अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं कोचवाय सहित आस पास के ग्रामीणों और गायत्री परिवार गरियाबंद के चारो ईकाई के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम हर दिन हजारों की संख्या में लोग पहुँच कर यज्ञ में आहुति दे रहे हैं। आयोजन समिति गायत्री परिवार महिला प्रकोष्ठ के श्री मति सुनीता धर्मेंद्र साहू ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस दिव्य महायज्ञ का लाभ उठाने का अपील क्षेत्र वासियों से किया है। विभिन्न संस्कारो को पूरा करने में रोमन चन्द्राकर, सुनीता साहू, वसुंधरा देवांगन, प्रेमलता यादव, नारद मेश्राम, विष्णु सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

## वनपाल मन्नसिंह के सेवानिवृत्त होने पर किया गया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वन परिक्षेत्र मैनपुर अंतर्गत वनपाल के रूप में पदस्थ मन्नसिंह ठाकुर 62 वर्ष सेवा अवधि पूर्ण होने के पश्चात सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को वन विभाग में कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित कर मन्नसिंह ठाकुर को साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया ज्ञात हो कि मन्नसिंह ठाकुर काफी लंबे समय से मैनपुर, तौरेंगा, कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्रों में अपनी सेंवाएं दी है, तथा मैनपुर नगरवासियों के साथ उनका संबध परिवार जैसा रहा है, हमेंशा सामाजिक व धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते थे। आज एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के सहायक संचालक गोपाल क"यप, वन परिक्षेत्र अधिकारी कुल्हाडीघाट अमर सिंह ठाकुर, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बैकुण्ठ सिंह ठाकुर, कोमल प्रसाद बिसेन, चुरामनलाल घृतलहरे, राकेश माकर्ण्डय, ओमप्रकाश राव, केशव बंछोर, दिनेश पांडे, लोकेश योगी, भागी पटेल, मुकेश साहू, हेमबाई, सुमन एंव बडी संख्या में वन विभाग के स्थानीय कर्मचारी उपस्थित थे ।

## प्रतिनिधिमंडल ने स्कूलों में ट्रांसफर को लेकर विस अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ट्राइबल विभाग से एजुकेशन विभाग के स्कूलों में ट्रांसफर की मांग को लेकर ट्राइबल एजुकेशन एकीकृत शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह एवं शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि ट्राइबल विभाग को एजुकेशन विभाग में मर्ज कर दिए जाने के बाद शिक्षा विभाग ही स्कूलों का संचालन कर रहा है। लेकिन सभी कर्मचारियों को दो कैडर ट्राइबल और एजुकेशन में बांटा गया है। जिसके वजह से ट्राइबल क्षेत्र में पदस्थ सहायक शिक्षक, शिक्षक, व्याख्याता सहित अन्य कर्मचारियों अधिकारियों का ट्रान्सफर एजुकेशन में नहीं हो पा रहा है और न ही एजुकेशन के कर्मचारियों अधिकारियों का ट्रान्सफर ट्राइबल क्षेत्र में हो पा रहा है। इसलिए संघ के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांग को शासन के समक्ष प्रमुखता से रखते हुए अवगत कराया गया है कि छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारी अधिकारी एजुकेशन के हों या ट्राइबल के हों, अन्य विभाग की तरह सभी कर्मचारियों की सेवा 5 वर्ष ट्राइबल क्षेत्र अनुसूचित क्षेत्र में अनिवार्य करते हुए स्थानांतरण नियम बनाने की मांग की गई है।

## बेटियों को शिक्षा के साथ संस्कार दें : राजकुमार






हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मंगलवार को डड़सेना सिन्हा कलार समाज परिक्षेत्र फिगेंश्वर के मार्गदर्शन में सिन्हा समाज छुईहा के तत्वावधान में कलार समाज भवन में अपने इष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती एंव कुल देवी माता बहादुर कलारिन की वार्षिक पूजा पाठ एवं उत्सव समाज से जुड़े लोगों ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। कार्यक्रम दो सत्र में रखा गया। कार्यक्रम का पहले सत्र में भगवान चित्र की स्थापना पुजा कर किया गया। इसके बाद समाज की महिला, युवतियां सिर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली गई जो तलाब में पहुंचने पर वरूणदेव की पूजा कर जल कलश लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे। इस बीच में अनेक जगह कलशयात्रा की फूल वर्षा से स्वागत कर आरती उतारी। कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर समाज द्वारा हवन पुर्णाहूति सहस्त्रबाहु अर्जुन की महा आरती किया गया। और खीर पुड़ी की प्रसादी वितरण किया गया। दूसरे सत्र आमंत्रित अतिथि का आगमन, स्वागत उद्बोधन का क्रम चला।

- छुईहा में भगवान सहस्त्राबाहु की जयंती मनाई गई

**नारी जगत परिवार में संस्कार को संवारती है-** सचिव राजकुमार सिन्हा ने कहा की समाज में रोटी और बेटी की एक पुरानी प्रथा परम्परा चली आ रही। उस संदर्भ में रोटी और बेटी को रोजगार और संस्कार से परिभाषित किया। रोटी का अर्थ हमारे नौजवान युवा साथियों को रोजगार के लिए आत्मनिर्भर बनाना है। जिससे वह अपना परिवार का पालन कर सके और बेटी का दर्जा संस्कार से जुड़ा है। नारी जगत परिवार में संस्कार को संवारती है। जो भी भी ऐसा समाज का निर्माण करें जिसकी संस्कृति उच्च हो बेटियों को शिक्षित के साथ-साथ संस्कार प्रदान करें। जिससे मजबूत समाज का निर्माण हो समाज के गौरवशाली इतिहास ऐसा हो जो दूसरों के लिए प्रेरणादायक हो और कलार सिन्हा की गौरव माता बहादुर कलारिन के त्याग तपस्या आदर्श सिन्हा समाज के साथ सर्व समाज के लिए अनुकरणीय है।

### सरहदगढ़ महोत्सव प्रांत स्तर में होगा : अवध

सिन्हा समाज की जयंती कार्यक्रम छुईहा में पधारे मुख्य अतिथि अवध सिन्हा जिला अध्यक्ष गरियाबंद ने कहा की कलार समाज की आदर्श वीरांगना माता बहादुर कलारिन की जयंती को बालोद सरहदगढ़ महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा जो इस वर्ष 14 फरवरी को होगा। जिसमे प्रदेश भर के समाज एक साथ इस आयोजिन में शामिल होंगे। इस दौरान मुख्यातिथि अध्यक्ष जिला सिन्हा समाज गरियाबंद अवध सिन्हा, अध्यक्षता ओमप्रकाश सिन्हा, सचिव राजकुमार सिन्हा, सरपंच गजेश्वर सिन्हा,कोषाध्यक्ष खोमन सिन्हा, पुर्व कोषाध्यक्ष दूर्गा राम सिन्हा, ग्राम समीति अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, चैतू राम तारक, नेतराम, कामता, जीवराखन, नरोत्तम सिन्हा, नन्दू सिन्हा उपस्थित थे।



### गांवों में हुआ अक्षत कलश का स्वागत

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अयोध्या से निमंत्रण स्वरूप पहुंचे पूजित अक्षत कलश यात्रा का गांव में जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। फूलों से सुसज्जित अक्षत कलश को ग्राम ग्राम गिधनी के हुनमान मंदिर से कोई गांव के लिए वितरण किया गया। जिसको लेकर गांव में जोरदार तैयारी की गई थी। कलश चात्रा ग्राम गिधनी के शीतला मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर की ओर लाया गया। इस यात्रा में सभी ग्रामीण उत्साहित होकर भाग लिया क्षेत्र के पंडरीपानी रवेली, जरगांव, लोहझर, खैरझिटी,पक्तियां, खड़मा, जुनवानी सहित कई गांवों में अक्षत कलश का नगर भ्रमण कर भव्य स्वागत किया गया।

## हसदेव जंगल में हो रही कटाई का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल में हो रही वनों की कटाई का विरोध परस्पर जारी हैं। इसी कड़ी मे मलेवा अंचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दांतबायकला, शुक्लापारा, उंडापारा, डुमरबाहरा, कारीडोंगरी, मरदाकला के युवाओ ने पैरी नदी के तट पर एकत्रित होकर छत्तीसगढ़ के हसदेव जंगल में हो रही वनो की कटाई पर कड़ा विरोध जताया। अंचल के युवा कवि मेमन मरकाम ने कहा की वन ही जीवन का आधार हैं स्वार्थ के लिए वनो को उजाड़ना किसी भी परिस्थिति मे स्वीकार करने योग्य नही हैं। इस अवसर पर इच्छाराम नागेश, नमेश नागेश,लल्लू मरकाम, देव सिँह ओंटी, हुमन ओंटी,रिकप्रकाश नेताम, भुनेश्वर सोरी, शंकर जगत, धर्मेंद्र नेताम, खेम लाल नेताम, कृष्ण नागेश, घनश्याम नागेश, नरोत्तम नागेश, खिलेश नागेश, खेमन मरकाम, पूरेश कुमार एवं लिकेश नेताम उपस्थित रहे।



### योग कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे लोग

**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। लोग गर्म कपड़े के साथ बाहर निकल रहे हैं। मौसम की खुलने का इंतजार कर रहे हैं। लोग रजाई, गद्दे शाल, स्वेटर सहित जैकेट पहने हुए दिन भर नजर आ रहे हैं। इस बीच रानीपरतेवा के योगा दलो ने प्रति दिन मुड़ागांव और रानीपरतेवा के मध्य सुखा नदी के पुल पर सुबह 4 बजे से 7 बजे तक योग व व्यायाम कर रहे हैं। जिसमें छोटेलाल सिन्हा, चमन लाल नामदेव, गिरवर लाल निषाद, प्रकाश यदु, विनोद कुमार अडबंशी, ठाकुर राम, केशो निषाद, दुलेश्वर साहू, नंद कुमार निषाद योग का लाभ ले रहे है।

### रसेला में नववर्ष स्नेह मिलन समारोह हुआ

## भाईचारा, एकता और संगठन से मजबूती आती है : परमेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ग्राम रसेला में नया परंपरा की शुरुआत करते हुए रसेला के समस्त व्यापारी संघ द्वारा 31 दिसंबर को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य अतिथि हरिभूमि संवाददाता परमेश्वर यादव , अध्यक्षता व्यापारी संघ के अध्यक्ष कृष्ण लाल चक्रकार , विशेष अतिथि नंदकिशोर यादव कोषाध्यक्ष , विशिष्ट अतिथि के रूप में सचिव भरत यादव, भोजलाल नायक, शिवशंकर जयसवाल, संतराम ठाकुर मंच पर आसीन थे। इस दौरान मुख्य अतिथि परमेश्वर यादव ने कहा कि व्यापारी संघ द्वारा आज जो नई परंपरा की शुरुआत की है यहां हम सभी को एक जगह पिरोने का काम किया है। इससे एक दूसरे में भाईचारा, एकता, और संगठन में मजबूती आती है। संतराम ठाकुर ने कहा कि यह हम सभी के लिए एक ऐसा मौका भी होता है जब हम अपने पुराने दोस्तों, सहयोगियों और सीनियर्स को याद करते हैं। उनसे जुड़ने का मौका मिलता है। सभी अतिथियों ने संबोधन किया। साथ ही साथ संघ के उपस्थित सदस्यों ने अपनी अपनी मन की बात बारी बारी से साझा किया। इस मौके पर दीनू मानिकपुरी, कुलेश साहू, धनंजय ध्रुव, महेश्वर निषाद, ठुगेश ठाकुर, रघुनाथ वर्मा, धर्मेन्द्र यादव, राजा कोमर्रा, विवेक साहू, भोलाशंकर जयसवाल, ऐसकुमार सेन, भूपेन्द्र देवांगन, सुरेश टाण्डे,टीकम सोनवानी, तिलेश साहू, लोकराम साहू, यशराम सेन, राजा सिन्हा सहित सभी व्यापारी संघ के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भरत यादव ने की।




